BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI

CLASS III

HINDI ASSIGNMENT

I निम्नलिखित अपठित गद्यांश के प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनें-

एक बार की बात है, एक रंग-बिरंगे जंगल में सैमी नाम का एक मिलनसार साँप रहता था। सैमी को घास पर रेंगना और सभी जानवरों से दोस्ती करना पसंद था। एक दिन, उसने एक खोए हुए खरगोश को घर पहुँचाने में मदद की। तब जंगल में हर किसी को एहसास हुआ कि साँप भी दयालु हो सकते हैं।

प्र०1- सैमी ने किसे घर पहुँचाने में मदद की?

उ०- क) कछुए की ख) खरगोश की ग) बंदर की

प्र०2-साँप का स्वभाव कैसा था?

उ०-क) खूँखार ख) झगड़ालू ग) मिलनसार

प्र०3-सैमी कहाँ रहता था?

उ०-क) घर में ख)सुरंग में ग)जंगल में

प्र०4- साँप भी दयालु हो सकते हैं। वाक्य में विशेषण है-

उ०- क) साँप क) दयालु ग)सकते

प्र०5- अनुनासिक वाला शब्द -

उ०-क) पसंद ख) पहुँचाने ग) जंगल

II निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए-

1. चारपाई शब्द का बहुवचन है-

क) चारपाइयां ख) चारपाईयाँ ग) चारपाइयाँ

2. शुद्ध शब्द चुनें-

क) अमरूद	ख) अमरुद	ग) अमरऊद

3. चौंतीस और छत्तीस के बीच .... आता है।

क) पच्चीस	ख) पैंतीस	ग) सैंतीस

4. संख्या का ज्ञान करवाने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

क) लिंग	ख) सर्वनाम	ग) वचन

5. चींटी की चाल चलना मुहावरे का अर्थ है-

क) बहुत तेज़ चलना	ख) बहुत धीरे चलना	ग) भागना

III निर्देशानुसार उत्तर दें -

1.विशेषण शब्द से रिक्त स्थान भरो-

पेड़ पर .... पक्षी बैठे हैं।

2. रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें-

नौकर काम कर रहा है

3. रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए-

चिड़िया उड़ रही है।

IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-

प्र०1-गुलाब को किस बात का घमंड था?

उ०-

प्र०2-बादशाह ने नाई को क्यों बुलाया?

उ०-

प्र०3- गुलाब ने किससे माफी माँगी?

उ०-

V निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-

1. भीतर -

2. ईर्ष्या-

VI निर्देशानुसार उत्तर दें -

1.किसने किससे कहा?

अच्छा, उन्होंने तुमसे क्या कहा?

2. रिक्त स्थान भरो-

यह सुनकर अकबर .... में पड़ गए।

3.अनेक शब्दों के लिए एक शब्द-

बाल काटने वाला-